छात्रों ने दिए अंक, कसौटी पर फेल हो गए 382 अध्यापक

यूटीयू के 22 हजार छात्रों से लिया गया 1728 शिक्षकों का फीडबैक

अंकित गर्ग

80 प्रतिशत से कम अंक वाले सभी शिक्षकों को अपने शिक्षण में सुधार करेंगे। 70 प्रतिशत से कम वालों के लिए सभी 41 पहलुओं पर फोकस करना अति आवश्यक है। 50 प्रतिशत से कम स्कोर वालों को अपने में विशेष सुधार की आवश्यकता है। - **प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति, यूटीयू**

अमर उजाला एक्सक्लूसिव

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने नई पहल करते हुए 22079 छात्रों से उन्हें पढ़ाने वाले 1728 शिक्षकों का ऑनलाइन फीडबैक मांगा तो 382 शिक्षक उत्कृष्टता की कसौटी पर खरे नहीं उतर सके।

विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध सभी तकनीकी संस्थानों के छात्रों से करीब चार माह पूर्व शिक्षकों का अनिवार्य फीडबैक मांगा गया था। सेमेस्टर परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं को इंटरनेट पर देखने से पहले फीडबैक देना अनिवार्य कर दिया गया था। फीडबैक में 382 शिक्षक उत्कृष्टता की श्रेणी (80% अंक) तक नहीं पहुंच सके, इनमें से 23 शिक्षकों को तो 50% या इससे कम ही अंक मिले।

हालांकि 807 शिक्षकों ने 80 से 90% के बीच अंक हासिल किए। जबकि 455 शिक्षकों को 90 से 99 % अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं, 100 में से 100% पाकर 84 शिक्षक आदर्श बने। विवि ने छात्रों से 41 विभिन्न बिंदुओं पर तीन श्रेणी में फीडबैक हासिल किया है। छात्र-छात्राओं को चार विकल्प सर्वश्रेष्ठ, अच्छा, सामान्य, खराब में से एक चुनना था।